टिप्पणी और आज्ञायें — 02

वैय0सहा0(तक0) / मु0अभि0 / मु0ले0अ0 / सचिव / उपाध्यक्ष

कार्य का नाम – समाजवादी योजना के अन्तर्गत ग्राम ढक्का के गाटा सं0 209 पर 32 चार मंजिले एर्फोडेविल भवनों का निर्माण कार्य।

आगणन राशि – ₹ 2,27,25,882.00

टिप्पणी – कृपया एन0पी0–01 पर अभियन्त्रण खण्ड की आख्या के अनुसार, ग्राम कुन्दनपुर ढक्का के गाटा सं0 209 की सीलिंग भूमि पर समाजवादी आवासीय योजना के अन्तर्गत, 32 चार मंजिलें एल0आई0जी0 भवनों (02 ब्लॉक) के निर्माण हेतु तलपट मानचित्र की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दि0 25.01.2016 को प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में नियोजन अनुभाग का पत्रांक दि0 30.01.2016 अवलोकनीय है। उक्त भवनों के निर्माण हेतु ड्राईंग/डिजाईन प्राधिकरण के पैनल आर्किटैक्ट के द्वारा तैयार की गयी है, जिसके अनुसार इस योजना में अन्य गाटाओं पर भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्देशों के क्रम में समाजवादी योजना के अन्तर्गत भवनों के निर्माण की लक्ष्य पूर्ति हेतु आगणन तैयार किया गया है। आगणन में कार्य की मदों की मात्रायें इस प्रकार के भवनों के निर्माण हेतु पूर्व में स्वीकृत विचलन विवरण के आधार पर ली गयी है, जिसके अनुसार कार्य की बी0ओ0क्यू0 धनराशि ₹ 2,06,86,597.25 आती है, जिसमें 01 प्रतिशत लेबर सैस, 03 प्रतिशत वर्कचार्ज कन्टिनजैन्सी व 5.80 प्रतिशत सर्विस टैक्स सम्मिलित करने पर आगणन धनराशि ₹ 2,27,25,882.00 होती है। आगणन में दरें यू0पी0पी0डब्लू0डी0एस0ओ0आर0–2015–16 व पूर्व प्रचलित प्रयोग की गयी है। भवनों में ए0ए0सी0 ब्लॉक्स की Masonary का प्राविधान किया गया है, जिसकी 200 mm thick wall & 125 mm thick wall हेतु क्रमशः विश्लेषित दर ₹ 5,012.00 व ₹ 5,102.00 प्रति घनमी0 प्रयोग की गयी है। इन दरों की स्वीकृति प्रस्तावित है। प्रस्तावित भवनों का तलपट मानचित्र दांयी ओर संलग्न है।

अतः एन0पी0–01 पर अभियन्त्रण खण्ड की आख्या के क्रम में आगणन धनराशि ₹ 2,27,25,882.00 (दो करोड़ सत्ताई लाख पच्चीस हजार आठ सौ बयासी मात्र) की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के साथ–साथ कार्य की निविदा आमन्त्रित किये जाने की स्वीकृति हेतु पत्रावली अग्रसारित करने का कष्ट करें।

20/2/16

24/02/16
(वेदपाल सिंह)
वैयक्तिक सहायक (तकनीकी)

24/2/16
मुख्य अभियन्ता
मु० वि० प्रा०

नवीन शर्मा
लेखाकार

26.2.16
C.A.O.
M.D.A. MORADABAD

29.2.16
सी० पी० त्रिपाठी
अपर सचिव

03/03/16
उपाध्यक्ष
मु०वि०प्रा०

Scanned by CamScanner